बिहार लोक सेवा आयोग
64वीं मुख्य परीक्षा
(सामान्य अध्ययन प्रश्नपत्र-2)
प्रैक्टिस पेपर-I

अनुदेश:

- उपांत के अंक पूर्णांक के द्योतक हैं।
- खंड-I एवं खंड-II प्रत्येक में से **तीन-तीन** प्रश्न तथा खंड-III से **दो** प्रश्नों का चयन करते हुए कुल **आठ** प्रश्नों के उत्तर दें।
- परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
- एक ही प्रश्न के विभिन्न खंडों के उत्तर अनिवार्य रूप से एक साथ ही लिखे जाएँ तथा उनके बीच में अन्य प्रश्नों के उत्तर न लिखे जाएँ।

खंड-I

समय : 3 घंटे **पूर्णांक : 300**

1. हाल के दिनो में मूल अधिकारों, विशेषकर अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंधित मुद्दे चर्चा में रहे हैं। क्या अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता आत्यंतिक (Absolute) हैं? किन परिस्थितियों में सरकार इस पर प्रतिबंध लगा सकती है? स्पष्ट कीजिये।
2. लोकसभा व राज्यसभा की शक्तियों की तुलना कीजिये। वर्तमान समय में राज्यसभा की प्रासंगिकता पर उठ रहे सवालों के संदर्भ में इसकी महत्ता को बताइये।
3. दल-बदल की राजनीति को नियंत्रित करने वाले संवैधानिक प्रावधानों की चर्चा कीजिये। हाल ही में घटित घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में क्या ये प्रावधान अपने उद्देश्य में सफल रहे हैं?
4. उच्च न्यायपालिका से संबंधित हालिया विवाद ने न्यायपालिका की साख व गरिमा को दुष्प्रभावित किया है। इस प्रकरण से संबंधित नैतिक मुद्दों की जाँच करें, साथ ही न्यायपालिका की गरिमा व स्वतंत्रता को सुनिश्चित करने के लिये कुछ प्रमुख उपायों की चर्चा करें।
5. बिहार की राजनीति में मुख्यमंत्री की शक्तियों तथा वास्तविक स्थिति का वर्णन कीजिये।

खंड-II

6. एक विकसित अंतर्देशीय जलमार्ग परिवहन न सिर्फ देश की पूरी परिवहन क्षमता में बढ़ोतरी करेगा बल्कि इससे परिवहन मॉडल को भी दुरुस्त करने में मदद मिलेगी। इस संदर्भ में भारत की जल मार्ग विकास परियोजना को संक्षिप्त में बताते हुए, बिहार में इसकी प्रगति की चर्चा कीजिये।
7. उर्वरकों की सस्ती उपलब्धता ने उनके अनियंत्रित उपभोग को बढ़ावा दिया है, विशेषरूप से यूरिया के उपयोग ने मृदा का इस हद तक क्षरण किया है कि पैदावार में वास्तव में गिरावट शुरू हो गई है। उर्वरकों पर निर्भरता को कम करने के लिये उपलब्ध विकल्पों का मूल्यांकन करते हुए उन पर चर्चा कीजिये, साथ ही इस संबंध में भारत व बिहार सरकार के प्रयासों को भी बताइये।
8. भारत सरकार द्वारा गरीबी और बेरोज़गारी उन्मूलन के विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के बावजूद भी स्थिति में कोई उल्लेखनीय सुधार नहीं आया है। कारण प्रस्तुत करते हुए स्पष्ट कीजिये। इस संबंध में बिहार सरकार के प्रयासों को भी बताएँ।
9. "पिछले डेढ़ दशकों में राष्ट्रीय स्तर तथा बिहार में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता में तीव्र गिरावट दर्ज की गई है, साथ ही जल प्रदूषण की स्थिति भी जैविक समुदाय की उत्तरजीविता के लिये अधारणीय हो गई है।" इस कथन पर प्रकाश डालें एवं इस स्थिति से निपटने संबंधी भारत सरकार व बिहार सरकार द्वारा की जा रही पहलों की चर्चा करें।

खण्ड-III

10. "वहनीय, धारणीय तथा आधुनिक ऊर्जा तक पहुँच सतत् विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिये अनिवार्य है।" भारत में इस संबंध में हुई प्रगति को बताइये।
11. ऊर्जा की बढ़ती हुई ज़रूरतों के परिप्रेक्ष्य में क्या भारत को अपने नाभिकीय ऊर्जा कार्यक्रम का विस्तार करना जारी रखना चाहिये? नाभिकीय ऊर्जा से संबंधित तथ्यों एवं भयों की विवेचना कीजिये।
12. डिजिटल क्रांति क्या है? इस क्षेत्र की चुनौतियों तथा इससे निपटने के प्रयासों की चर्चा कीजिये। इस संदर्भ में बिहार सरकार ने क्या कदम उठाया है, विवेचना कीजिये।
13. भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम का सामाजिक क्षेत्र के उत्थान में क्या महत्त्व है? वर्णन कीजिये।